हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

राजेश उइके को सौंपी गई जिले की प्रथम स्वामित्व रजिस्ट्री



मण्डला। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे द्वारा जनविश्वास शिविर के दौरान मंडला जिले में स्वामित्व योजना की पहली रजिस्ट्री जंतीपुर निवासी राजेश कुमार उइके को सौंपी गई। जिले में योजना के तहत पहली रजिस्ट्री मिलने से हितग्राही को अपनी आवासीय संपत्ति के स्वामित्व का कानूनी दस्तावेज प्राप्त हुआ। स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति के स्वामित्व का अभिलेख उपलब्ध कराना है। इससे ग्रामीणों को अपनी संपत्ति पर अधिकार का प्रमाण मिलता है तथा संपत्ति संबंधी विवादों की स्थिति में भी सहायता मिलती है। जनविश्वास शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सरलता और सुगमता से पहुँचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंडला जिले की पहली रजिस्ट्री सौंपा जाना ग्रामीणों को संपत्ति संबंधी अधिकारों के दस्तावेज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे ग्रामीण परिवारों में अपनी संपत्ति के अधिकारों के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

अधिकारी कब करेंगे संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से काम

चेहरे को छोड़ आइना साफ कर रहे हम

*** लगातार निर्देश जारी करने से ही क्या होगा समाधान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



"कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि जनविश्वास शिविर का उद्देश्य प्रशासन को आमजन के करीब लाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े, इसके लिए अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।"

तत्संबंध के निर्देश कलेक्टर द्वारा लगातार विभिन्न बैठकों, विभिन्न कार्यक्रमों और विभिन्न शिविरों में लगातार जारी किये जाते रहे हैं लेकिन जिले के अधिकारी हैं कि समझने को ही तैयार नहीं। अब जबकि समस्यायें जस की तस हैं तो निर्देश के बाद आगे क्या कार्यवाही की जायेगी?

गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य अब जिले की पहचान बन चुके हैं लगातार घटिया निर्माणों की खबरों से न केवल अखबार भरे होते हैं बल्कि सोशल मीडिया में भी इनकी चर्चा होती रहती है। निर्माण एजेंसियों की मनमानी से न केवल ग्रामीणजन परेशान हैं बल्कि शासन को भी जमकर क्षति हो रही है तकनीकि अधिकारियों द्वारा घर बैठे मूल्यांकन किया जा रहा है कार्य की गुणवत्ता फिर जांचे तो कौन?

जिला मुख्यालय तक पहुंचकर ग्रामीणजन यही तो शिकायत करते हैं कि निर्माण कार्य समय पर पूरे नहीं हो रहे, निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा, पंचायतों में खर्चों का कोई हिसाब किताब नहीं, फर्जी भुगतानों की बाढ़ सी आ गई है और जिला पंचायत सिर्फ जांच दल का कागज ही तैयार कर पा रही है न तो कभी जांच दल मौके पर जांकर जांच करता है और न कभी जांच का प्रतिवेदन ही सामने आ पाता है और न कभी जिला प्रशासन उनसे जबाव तलब करता कि आखिर जांच में हुआ क्या? निर्माण एजेंसी आरईएस की जांच वर्षो से जिला पंचायत कर रहा है लेकिन जांच रिपोर्ट है कि बाहर ही नहीं आ पा रही।



निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा, कमी मिलने पर दोबारा कराना होगा निर्माण कार्य-कलेक्टर

कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में जारी सड़क निर्माण कार्यों एवं विभिन्न शासकीय भवनों के निर्माण की बिंदुवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित कार्य को तोड़कर दोबारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी मंडला की बेटियाँ



*** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर दिल्ली में बनाई जगह।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला जिले के लिए गौरव की बात है कि शासकीय संदीपनी विद्यालय, कालपी की बालिका हॉकी टीम राष्ट्रीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही है। दिल्ली में 9 से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम की बालिकाएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

खेल कैलेंडर के अनुसार, जिला कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, सहायक आयुक्त डॉ. अरुण कुमार शुक्ला एवं जिला क्रीड़ा प्रभारी मंगल सिंह पंद्रे के मार्गदर्शन में टीम ने नेहरू हॉकी शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, सिवनी में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम के कोच विपिन कुजूर एवं टीम मैनेजर राजकुमार बावरिया के साथ क्रीड़ा परिसर कालपी की श्रीमती रेखा बैरागी भी टीम के साथ हैं। बालिकाओं की इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है।

टीम की सफलता पर पीटीआई डी.एस. ठाकुर, जमादार सिंह धुर्वे, श्रीमती लीला पंद्रे, गौतम सूर, श्रीमती बिंदु पिल्ले, श्रीमती सीमा, श्रीमती द्रौपदी चीचाम, श्रीमती मिली सिंह, श्रीमती मिनी सिंह, दिनेश बघेल, नवीन चौरसिया, रविंद्र उइके, आलोक कुजूर, श्याम यादव एवं रामफल गौठरिया सहित अन्य लोगों ने बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।



नीरज की हैट्रिक के चलते ज्ञानदीप ने केंद्रीय विद्यालय को 4/0 से हराया

*** रोमांचक मुकाबले में एक्सीलेंस स्कूल ने ब्रेन चाइल्ड को 2/3 से दी मात।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



शुक्रवार को स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता अंतर्गत 3 मैच खेले गए। पहला मैच शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 और अमल ज्योति स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में क्रमांक 2 ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमल ज्योति को दो शून्य से मात दी। क्रमांक 2 की तरफ से आशीष और जितेंद्र ने गोल किए। दूसरा मैच ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल और केंद्रीय विद्यालय संगठन के बीच खेला गया। इस मैच में ज्ञानदीप के खिलाड़ियों ने बेहतर दमखम और तालमेल का प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय विद्यालय को एक तरफा मुकाबले में चार शून्य से हराया। इस मैच में ज्ञानदीप के नीरज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन गोलकर हैट्रिक बनाई। एक गोल यावेश ने किया। शुक्रवार का तीसरा मैच ब्रेन चाइल्ड अकैडमी और एक्सीलेंस स्कूल के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांच और संघर्ष से परिपूर्ण रहा। मैच में पहला गोल ब्रेन चाइल्ड के अनिमेष जैन ने किया और अपनी टीम को एक शून्य की बढ़त दिला दी। इसके बाद पहला हाफ खत्म होने के कुछ देर पहले एक्सीलेंस स्कूल के कुणाल ने गोलकीपर को चकमा देते हुए उसके बाय तरफ से शानदार फुटवर्क दिखाते हुए गेंद को गोल में डाल दिया और दोनों ही टीम में एक-एक गोल से बराबरी पर आ गई। सेकंड हाफ शुरू होते ही दोनों ही टीमों ने एक दूसरे के गोल पर लगातार हमने बोले लेकिन एक बार फिर ब्रेन चाइल्ड की टीम बढ़त बनाने में कामयाब हो गई। पियूष बैरागी ने गोलकीपर के रिबाउंड को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर अपनी टीम को एक के मुकाबले दो गोलों से आगे कर दिया। मैच में लगातार दूसरी बार ब्रेन चाइल्ड की टीम बढ़त बनाने में कामयाब रही लेकिन एक्सीलेंस स्कूल के फारवर्ड लगातार ब्रेन चाइल्ड के गोल पर हमला बोल रहे थे। जल्दी एक शानदार मैदानी गोल कर रितेश यादव ने एक बार फिर मैच को बराबरी पर ला दिया। मैच के आखिरी लम्हों में एक्सीलेंस स्कूल के कुणाल ने एक बार फिर शानदार गोल कर मैच में एक्सीलेंस स्कूल को निर्णायक बढ़त दिला दी। इस तरह इस रोमांचक मुकाबले में एक्सीलेंस स्कूल ने ब्रेन चाइल्ड को दो के मुकाबले तीन गोलों से मात दे दी। शनिवार को दोपहर 1:00 बजे पहला मैच मोंटफोर्ट स्कूल और जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी के बीच खेला जाएगा। इसके तत्काल बाद दूसरा मैच नेहरू शाला महाराजपुर और केंद्रीय विद्यालय के मध्य होगा। तीसरा मैच भारत ज्योति विद्यालय और अमल ज्योति विद्यालय के मत खेला जाएगा।

युवक के पेट में चाकू मारा- गंभीर हालत में जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



कोतवाली थाना क्षेत्र के डिंडौरी नाका स्थित पड़ाव के पास गुरुवार रात दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक युवक ने पंकज ब्रम्हे पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने से पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट में कुछ अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं।

घायल पंकज ब्रम्हे स्वामी सीताराम वार्ड का निवासी है। उसे जिला अस्पताल मंडला में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं, मारपीट में घायल अन्य लोगों की हालत फि ल हा ल सामान्य बताई गई है। तीन संदिग्धों की पहचान, तलाश जारी



सू च ना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना में शामिल तीन संदिग्ध आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस घायल और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है।

अधिकारियों के मुताबिक, विवाद की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। बयान दर्ज करने और घटनाक्रम की जानकारी जुटाने के बाद एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पहल | **महुआ के फूल और गुली से बदलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर।**

कलेक्टर की पहल से महुआ को मिलेगा बाजार

*** वन समितियों और स्व-सहायता समूहों के जरिए बढ़ेगी आदिवासी परिवारों की आय।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मंडला के जंगलों में बिखरा महुआ अब ग्रामीण समृद्धि का नया आधार बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिन महुआ फूलों और बीजों का संग्रहण ग्रामीण परिवार वर्षों से परंपरागत तरीके से करते आए हैं, उन्हें अब बेहतर मूल्य दिलाने और उनकी उपयोगिता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल की है। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की पहल का उद्देश्य महुआ के संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण और बाजार तक ऐसी व्यवस्था विकसित करना है, जिससे जिले के आदिवासी परिवारों को उनकी मेहनत का बेहतर मूल्य मिल सके।

मंडला जिले में महुआ के 55 हजार से अधिक पेड़ हैं। यह 10 हजार से अधिक परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। महुआ फूल और महुआ बीज की सही तरीके से पहचान, संग्रहण, गुणवत्ता संरक्षण और व्यवस्थित बिक्री के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की व्यापक संभावनाएं हैं। इसी संभावना को साकार करने के लिए प्रशासन महुआ को केवल वन उपज तक सीमित न रखते हुए इसे आजीविका और स्थानीय आर्थिक विकास से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है।

वर्तमान में ग्रामीण परिवार जमीन पर गिरे महुआ फूलों को एकत्रित करते हैं। इस प्रक्रिया में फूलों के साथ मिट्टी और सिलिका के कण मिल जाने से उनकी गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा खाद्य उपयोग के लिए उनकी उपयुक्तता कम हो सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए महुआ के पेड़ों के नीचे उनके कैनोपी क्षेत्र में नेट लगाने का सुझाव सामने आया है। इससे पेड़ से गिरने वाले फूलों को जमीन के सीधे संपर्क से बचाकर अपेक्षाकृत स्वच्छ स्थिति में एकत्रित करने में मदद मिलेगी। इसके लिए एक सीजन तक उपयोग की जा सकने वाली कम लागत की नेट उपलब्ध कराने की संभावना पर भी चर्चा की गई है।

इस पहल में महुआ फूल और महुआ बीज के संग्रहण एवं विपणन की अलग-अलग व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गई हैं। महुआ फूलों का संग्रहण वन समितियों के माध्यम से किया जाएगा तथा उद्योगपति समितियों से इनका क्रय करेंगे। वहीं, महुआ की गुली यानी बीजों के संग्रहण की जिम्मेदारी स्व-सहायता समूहों के फेडरेशन को दी जाएगी और कम्पनियाँ उनसे सीधे खरीद करेंगी।

इस व्यवस्था से ग्रामीण उत्पादकों और उद्योगों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने, संग्रहण को व्यवस्थित बनाने और महुआ के व्यावसायिक उपयोग की संभावनाओं को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, स्थानीय स्तर पर सामुदायिक संस्थाओं की भूमिका मजबूत होगी और ग्रामीणों को बाजार से जोड़ने का रास्ता तैयार होगा। महुआ की संभावनाओं को व्यापक बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन पर भी जोर दिया जा रहा है। मनेरी स्थित अद्वैत साल्वेन्ट प्रा. लि. और ओरिएण्ट एथेनॉल प्रा. लि. के प्रतिनिधियों ने महुआ प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन से जुड़ी संभावनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। उद्योगों की सहभागिता से महुआ के संग्रहण, गुणवत्ता और उपयोग को बेहतर बनाने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करने की पहल की गई है। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की इस पहल का मूल उद्देश्य जिले की पारंपरिक वन संपदा को ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति से जोड़ना है। यदि महुआ का संग्रहण गुणवत्तापूर्ण हो, उपार्जन की व्यवस्था सुदृढ़ बने और प्रसंस्करण के माध्यम से बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार हों, तो यह पहल हजारों परिवारों के लिए आय के बेहतर अवसर सृजित कर सकती है।

मंडला के जंगलों में उपलब्ध महुआ की यह प्राकृतिक संपदा अब ग्रामीणों की मेहनत, सामुदायिक सहभागिता और उद्योगों के सहयोग से समृद्धि की नई कहानी लिखने की क्षमता रखती है।

सेवा संकल्प अभियानः सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला योजना भवन में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस बल मंडला द्वारा किया गया। सेवा संकल्प अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

समारोह में देश की सेवा कर चुके वीर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों तथा सैनिकों के सम्माननीय परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा समाज में सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना रहा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा ने कहा कि सैनिकों का त्याग और अनुशासन हम सभी के लिए प्रेरणा है। पुलिस और सेना दोनों ही राष्ट्र सेवा के दो सशक्त स्तंभ हैं और ऐसे आयोजन से आपसी सम्मान और जुड़ाव बढ़ता है। कार्यक्रम में आर.आई. रक्षित केन्द्र श्री सुनील नागवंशी, कमांडेंट होमगार्ड श्री साहू सहित जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी, पूर्व सैनिकगण एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सूखाखैरी में आयोजित जन संवाद शिविर में हुए शामिल शिक्षा मंत्री

गांव-गांव तक विकास और जनसेवा पहुंचाना सरकार का संकल्प- उदय प्रताप सिंह







हरिभूमि न्यूज/चीचली। प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने बीते हुये शुक्रवार को जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूखाखैरी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित जन संवाद शिविर में शामिल होकर आमजन को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ग्रामीणों को सामान्य शासकीय कार्यों के लिए जनपद एवं जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शासन की जनकल्याणकारी मंशा को साकार करने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और आमजन के बीच समन्वय एवं सहयोग आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में ग्राम पंचायत सूखाखैरी में 5 करोड़ 38 लाख 20 हजार रुपये के विकास कार्यों सौगात मिली है। मंत्री सिंह ने कार्यक्रम के दौरान सूखाखैरी से खेरापति मंदिर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की गई। आयोजित इस शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा अहिरवार, पूर्व जनपद अध्यक्ष व भाजपा नेता मुकेश मरैया, जिला पंचायत सदस्य डा. योगेश कौरव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, चौधरी सतीश, कीरत सिंह गुर्जर, चौहान सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, अपर कलेक्टर अरविंद कुमार सिंह, जिला व विकास खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री सिंह ने बताया कि गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र की लगभग 40 ग्राम पंचायतों में भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है। इन भवनों का उपयोग ग्रामीणजन विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों, तेरहवीं, जन्मदिन और अन्य पारिवारिक आयोजनों के लिए किया जा सकेगा। साथ ही ग्राम पंचायत चीचली में कार्यक्रमों के आयोजन के लिए डोम निर्माण हेतु 15 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा मंच से की गई। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक नेतृत्व के 25 वर्ष का उल्लेख करते हुये मंत्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सार्वजनिक नेतृत्व यात्रा प्रारंभ की थी। उनके सार्वजनिक नेतृत्व के 25 वर्ष देश में विकास, सेवा और जनकल्याण के कार्यों के संदर्भ में महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि तकनीक, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा उत्पादन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए बदलाव निरंतर परिश्रम, नीतिगत प्रयासों और युवाओं की क्षमता का परिणाम हैं। मंत्री सिंह ने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि गंभीर बीमारी के उपचार का खर्च गरीब परिवारों के लिए बड़ी चुनौती होता है। पात्र हितग्राही योजना के निर्धारित नियमों के अनुसार उपचार का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सहायता कोष के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों के उपचार, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली आर्थिक सहायता का भी उल्लेख किया। अभियान के अंतर्गत रक्तदान, स्वच्छता, नशामुक्ति जागरूकता और विभिन्न जनसेवा गतिविधियों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सेवा और जनकल्याण से जुड़ी गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाना आवश्यक है, ताकि समाज के सभी वर्गों तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंच सके। मंत्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में सड़क और बिजली सहित आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। वही मंत्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन जाने में सुविधा मिलनी चाहिए। इसके लिए गाडरवारा से उज्जैन तक सीधी बस सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा सालीचौका से गाडरवारा होते हुए प्रयागराज के लिए भी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की जाएगी। इस मौके पर मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने जनसंवाद शिविर के दौरान 21 स्वसहायता समूहों को एक करोड़ 44 लाख 50 हजार रुपये का चेक प्रदान कर ऋण वितरित किए। इसके अलावा मंत्री सिंह ने रोहित कौरव एवं शिवानी कौरव को ई- स्कूटी, स्वामित्व योजना के तहत जिले की पहली निःशुल्क रजिस्ट्री उत्तम करौड़ी को प्रदान की गई। वही उद्यम क्रांति योजना के तहत रवि शंकर ताम्रकार को दो लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया। निक्षय पोषण योजना के तहत 8 नागरिकों को फ्रूड बास्केट वितरित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को शासन की सेवाओं व योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस मौके पर मंत्री सिंह ने लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी लेते हुये उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आयोजित कैम्प के माध्यम से 40 से अधिक पात्र लाभार्थियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के 15 नागरिकों के पेंशन, संबल योजना के तहत 10 श्रमिकों का पंजीयन, 4 जन्म प्रमाण पत्र, 3 मृत्यु प्रमाण पत्र, 6 बीपीएल राशन कार्ड, 33 किसानों की फार्मर आईडी, स्वामित्व योजना के तहत 52 हितग्राहियों की ई-केवायसी, लाड़ली लक्ष्मी योजना के 5, मातृ वंदना योजना के तहत 6 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। इसके अलावा शिविर के माध्यम से 36 ई-श्रम कार्ड बनाए गए। ग्राम पंचायत सूखाखैरी में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जन संवाद शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 222 लोगों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। टीबी (क्षय रोग) स्क्रीनिंग के अंतर्गत 155 लोगों की एक्स-रे के माध्यम से जांच की गई। टीबी मुक्त अभियान के तहत 67 मरीजों की निक्षय आईडी जनरेट की गई। इसके अतिरिक्त 12 टीबी मरीजों को पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट वितरित किए गए। गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग के अंतर्गत 24 लोगों में उच्च रक्तचाप की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं। जबकि 18 लोगों की मधुमेह संबंधी जांच की गई। इसके साथ ही कुष्ठ रोग के 9 संभावित मरीजों की जांच की गई। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 पात्र हितग्राहियों के नए आयुष्मान कार्ड तैयार किए गए तथा 11 आवेदन प्रक्रियाधीन दर्ज किए गए। शिविर में अन्य सामान्य बीमारियों की जांच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में आयुष विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाकर नागरिकों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान उदर रोग, चर्म रोग, ज्वर, वात रोग, खांसी, श्वांस सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। आयुष विभाग द्वारा 34 नागरिकों को होम्योपैथिक तथा 33 नागरिकों को आयुर्वेदिक औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया। वही कार्यक्रम के पश्चात मंत्री सिंह सहित जिला कलेक्टर व अन्य अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शांतिधाम में पौधरोपण किया।

नगर का बायपास यानि की महाविद्यालय मार्ग बना खुला मयखाना सड़क किनारे शराबखोरी से कॉलोनी सहित राहगीर हो रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां बताया जाता है कि खुलेआम होने वाली शराब खोरी को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कार्यवाही के सख्त आदेश देने के साथ साथ तहां तहां संचालित होने वाले अवैधानिक अहातों को भी बंद कराये जाने के आदेश जारी किये गये थें। इस आदेश के चलते कुछ समय तक तो सख्त कार्यवाही होते हुये देखने मिली थी। मगर मुख्यमंत्री का यह आदेश मात्र चार दिन की चांदनी साबित होने से नही चूक पाया है..? इसी का परिणाम है कि नगर के वासपास मार्ग स्थित शराब ठेके की सच्चाई देखी जावे या फिर नगर के पलोटन गंज स्थित शराब ठेका जहां पर खुलेआम शराब खरीदने वालों द्वारा ठेके सामने ही मुख्य मार्ग पर शराब पीते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। नगर के वायपास मार्ग स्थित शराब ठेके के पास का हाल तो यह बना हुआ है कि यहां पर दिन भर लोगों द्वारा स्टैट हाईवे सहित कालोनी में प्रवेश करने वाली सड़क पर शराब खोरी का दौर चलते हुये देखा जाता है। जबकि देखा जावे तो यह मार्ग नगर के एमपीईबी कालोनी के लोगों को आने जाने वाले मुख्य रोड है। वही दूसरी ओर यहां पर स्थित टीव्हीएन सहित एनपीएस स्कूलो के बच्चो से लेकर महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं का आना जाना होता है और वह लोग इस तरह खुलेआम सड़क पर होने वाली शराब खोरी को देखते हुये सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर यहां पर एमपीईबी कालोनी के लिये आने जाने वाले आम लोगों के लिये मुख्य मार्ग पर होने वाली शराब खोरी के कारण अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुये देखा जाता है। वही शाम होते ही यहां का हाल इस तरह बन जाता है कि लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के पलोटन गंज का देखने मिल रहा है। छात्राओं के स्कूल से चंद कदम दूरी पर स्थित शराब ठेका के चलते यहां पर भी दिन भर खुलेआम शराब खोरी होने के चलते छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। इस तरह रहवासी क्षेत्र में संचालित होने वाले इन शराब ठेको के चलते जहां नगर की सड़को से लेकर कालोनियों की सड़को ने इस समय पूर्णरूप से अहातों का रूप धारण कर लिया गया है। इस प्रकार से मुख्य मार्ग पर खुलेआम होने वाली शराब खोरी के चलते इन मार्गों से निकलने वाले महिलाओं से लेकर राहगीरों को भी इन शराब खोरी करने वालों की अश्लील हरकतों सहित छिटाकशी का शिकार होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है..? वहीं सड़क के किनारे शराब के नशे में बैठे लोगों के चलते यातायात सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। क्योंकि टेट हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के बीच यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में वाहन की चपेट में आ जाए तो गंभीर दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता..? स्थानीय लोगों की मांग है कि पुलिस एवं प्रशासन तत्काल मौके का निरीक्षण कर सड़क किनारे खुलेआम शराबखोरी और यातायात में उत्पन्न हो रही परेशानी पर प्रभावी कार्रवाई करे, ताकि आम नागरिक सुरक्षित एवं निर्भय होकर आवागमन कर सकें।

कांग्रेस के द्वारा काला दिवस मनाया गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमति पटैल की मौजूदगी में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा काला दिवस मनाते हुये किया विरोध प्रदर्शन







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। केन्द्र से लेकर प्रदेश की सत्ताधारी सरकार के कार्यकाल में जिस तरह से सच्चाई सामने आते हुये देखी जा रही है उसके चलते गाडरवारा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटेल के नेतृत्व मे बीते हुये दिवस गाडरवारा विधानसभा मै सयुंक्त ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा काला दिवस मनाया गया। बीते हुये 7 और 8 अक्टूबर को लोकतंत्र की रक्षा के लिए चुनाव आयोग (CEC ज्ञानेश कुमार) के खिलाफ शांतिपूर्ण मार्च कर रहे नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी और INDIA गठबंधन के सांसदों को जंतर-मंतर के पास दिल्ली पुलिस द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से डिटेन किया गया। इस तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई और लोकतंत्र पर हुए हमले के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा बीते हुये दिवस जिला अध्यक्ष सुनीता पटैल की मौजूदगी में नगर के पलोटन गंज में काला दिवस मनाते हुये विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये लड़ाई सत्ता की नहीं, लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री मति सुनीता पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष चीचली गिरजा शंकर पगुआ, ब्लॉक अध्यक्ष साईं खेड़ा लखन पटेल के आलवा नगर अध्यक्ष राजीव दुबे, महिला ब्लॉक अध्यक्ष संगीता जायसवाल सहित वरिष्ठ नेता गोतम सिंह पटेल, जिला सदस्य मोना कौरव, जिला उपाध्यक्ष उमेश नीरस, छोटे राजा कौरव, जिला महासचिव अबधेश रूसिया, प्रभात पटेल, जिला सचिव उमा ठाकुर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनीता रविशेखर जायसवाल, चीचली नगर परिषद अध्यक्ष बबलू सिंघानिया के आलवा विनोद राजोरिया,पूर्व मंडी अध्यक्ष महेन्द्र पटेल, मुकेश बंटू गुप्ता, बसंत तपा, अजेंद्र राठौर, संदीप जैन, प्रकाश चौरसिया, सुरेन्द्र रावसाब, जिला कांग्रेस मिडिया प्रभारी सुनील दुबे, प्रियंका चांदनी दीक्षित, सत्यवती चौधरी, मंडलम अध्यक्ष पवन शुक्ला, वेनी सेजबार, पार्षद गोलू गुप्ता, गणेश शर्मा, योगेश पटेल, उमंग पटेल, रुद्रभान कौरव, सेवादल प्रभारी सौरभ जेन, सेवादल चीचली अध्यक्ष सूरज राय, सेवादल गाडरवारा अध्यक्ष मनीष कौरव, अभिषेक कौरव, मंडलम अध्यक्ष हंसु राय, संजय कौरव, युवा अध्यक्ष यस राय, आयुष जेन, मंडल अध्यक्ष सरदार सिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष हेमराज तोमर, भगवान दास पटेल, जितेंद्र पटेल जमाडा, जगमोहन पटेल, संतोष सिंह राजपूत, बृजमोहन पटेल, नरेंद्र राजपूत, मणिकांत पटेल, कृष्णकांत पटेल, मोनू यादव, चंदन कौरव, राजेंद्र कौरव, हजारी लाल ममार, भूपेंद्र कौरव, राजकुमार शुक्ला, विमलेश कौरव, छुट्टन पटेल, गोपाल जसाठी, संजीत राजपूत, पत्रकार मनीष ममार, विनोद ठाकुर सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्तागण मौजूद थें।

बेरोजगारों को भ्रमित कर रही हैं कंपनियाँ, शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में फैलाया जा रहा अपना गोरखधंधा

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।



इस समय देखा जा रहा है कि शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला खुलेआम देखने मिल रहा है? जिसमें जिसमें देखा जा रहा है कि आये दिन नित्य नयी नयी कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पैर पसार रही हैं और बेरोजगार युवकों को बहला फुसलाकर उन्हें रातो रात लखपति बनाने का सपना दिखाते हुये अपने जाल में फाँस रही हैं और ताज्जुब की बात तो यह है कि इन कंपनियों के ऐजेंट शहरों से लेकर गाँव गाँव तक घूमकर बेरोजगारों को सुनहरे सपने दिखाते हैं और उन्हें कुछ ही महीनों में लखपति बनने के आसमानी सपने दिखाकर उनसे एक मुश्त रकम लेकर उनको अपना एजेन्ट बना लेते हैं। इस तरह से क्षेत्र में अनेक कंपनियाँ अपना रोजगार फैलाये हुये हैं। लोगों का आरोप है कि इन तथा कथित कंपनियों के उत्पाद इतने महँगे हैं कि इन्हें खरीद ही नहीं सकते चूँकि जो भी व्यक्ति रकम जमा कर इन कंपनियों का एजेन्ट बन जाता है तो उसे दूसरा एजेन्ट बनाने का कार्य दिया जाता है और वह निकल जाता है किसी बेरोजगार को अपना एजेन्ट बनाने और कम से कम समय में लखपति बनाने के रंगीन सपने दिखाकर दूसरे को भी फाँस लिया जाता है और बोला ताजा है कि तुमको घर बैठे पैसा मिलेगा एक बार इस काम को शुरू तो करो फिर देखना कितनी कमाई होती है,क्योंकि जो एजेन्ट दूसरा एजेन्ट नहीं बनाता है उसे कमीशन नहीं मिलता है इसलिये एक दूसरे को फँसाते रहते हैं ना तो कोई दो महीने में लखपति बना है और ना ही बनेगा, इस प्रकार की जिनती भी कंपनियाँ इस क्षेत्र में काम कर रही हैं वह युवकों को गुमराह कर पैसा ऐंठने का कार्य कर रहीं हैं,पढ़े लिखे युवक उनकी बातों में आकर लखपति बनने का सपना देखकर वह अपना पैसा फंसाकर कंपनी के लिये काम करना शुरू कर देते हैं, इतना ही नहीं इन तथाकथित कंपनियों ने अनेक शासकीय कर्मचारियों को भी अपनी गिरफत में ले लिया हैजो अपने एजेन्ट बनाने के लिये अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभाव डालकर उन्हें इस कंपनी की लिंक चैन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार की कंपनी द्वारा लखपति बनाये जाने के मायाजाल में फंसे कर्मचारियों की जाँच होनी चाहिये और इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये, कुछ कर्मचारियों की तो यह स्थिति है कि वह अपनी पत्नियों के नाम से कंपनी में जुड़कर अपने ईमानदारी से करने वाले कार्य को नजरअंदाज कर इस कार्य में लगे हुये हैं जिसके कारण यह कंपनियाँ दिन दुगना रात चौगुना जाल फैलाती जा रही हैं।

कल्याणपुर विद्यालय में वित्तीय साक्षरता एवं जैविक खेती पर आयोजित हुये कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में बीते हुये दिवस वित्तीय जागरूकता, साइबर सुरक्षा एवं जैविक खेती विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. सुनील शर्मा ने छात्रों को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के कार्यों के बारे में विस्तार से समझाते हुये उन्होंने साइबर फ्रॉड के प्रकारों पर चर्चा करते हुए कहा कि आजकल OTP फ्रॉड, आधार लिंक, फर्जी लिंक और फेक ID के माध्यम से ठगी की जा रही है। साथ ही डीपफेक तकनीक से तस्वीरों में छेड़छाड़ कर ब्लैकमेल करने के मामलों से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने बचत और निवेश से पैसा कैसे बढ़ाएं, इस पर भी उदाहरण सहित जानकारी दी गई। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक शुक्ल, श्याम लाल कुशवाह तथा जैविक खेती कृषक कृष्णकांत वर्मा एवं संदर्भ सिंह राजपूत उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था प्राचार्च ओम प्रकाश कौरव ने छात्रों को पैसे का सही उपयोग और कौशल विकास कैसे करें, इस विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। वही जैविक कृषक कृष्णकांत वर्मा ने जैविक खेती के महत्व तथा GI टैग और जैविक गुड़ की विशेषताओं के बारे में बताते हुये उन्होंने छात्रों को जैविक गुड़ का महत्व समझाया और कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ती है तथा जैविक उत्पादों के उपयोग से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

नगर में 51 देवी प्रतिमाओं की स्थापना के साथ कल से सजेगा माता रानी का दरबार



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर में शारदेय नवरात्रि पर्व को लेकर नव दुर्गा उत्सव समितियों में अलग ही उत्साह और भक्ति का उल्लास दिखाई देने से नही चूक रहा है। नवरात्र पर्व की ज्यो ज्यो तारीख समीप आते हुये देखी जा रही है त्यो त्यो तैयारियों में इजाफा होते हुये दिखाई दे रहा है। क्योंकि शक्ति की आराधना के इस महापर्व को लेकर सभी आयोजन समितियां अलग अलग स्थानों पर आकर्षक झांकियों, भव्य पंडालों और मनोहारी विद्युत सज्जा की तैयारी में जुटे हुये देखे जा रहे है। कल से शुरू होने जा रहे नवरात्र पर पूरा नगर जय माता दी के जयकारों और माता के भजनों से भक्तिमय नजर आएगा।नगर के बीचों-बीच श्याम टाकीज के पीछे दाऊ के बाड़े, कुचबंदिया मोहल्ला में इस वर्ष आस्था का एक अलौकिक संगम देखने को मिलेगा। यहां माता रानी दरबार समिति द्वारा 51 देवी माँ की प्रतिमाओं की भव्य स्थापना की जा रही है। इस भव्य आयोजन में देवी माँ के भक्तों और दर्शनार्थियों को एक ही स्थान पर उन सभी 51 शक्ति पीठों के दर्शन का परम सौभाग्य प्राप्त होगा। कहा जाता है कि नवरात्रि में एक साथ 51 शक्तियों के दर्शन करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।माता रानी दरबार समिति के सदस्यों द्वारा इस आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पंडाल को फूलों, रोशनी और माता के ध्वजों से इस तरह सजाया जा रहा है कि वहां पहुंचते ही भक्तों को दिव्य धाम का अनुभव होगा। इस तरह नगर में स्थापित होने जा रही 51 देवी माँ के दर्शनों के लिए माता रानी के दरबार में धार्मिक मेले जैसा दृश्य नजर आएगा। नवरात्रि के नौ दिनों तक यहाँ प्रतिदिन सुबह-शाम आरती, भजन-कीर्तन, वितरण का आयोजन होगा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहाँ शीश झुकाने आएंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि देवी माँ की ज्योति और स्थापना करते हुए उन्हें 24 वर्ष हो चुके हैं। यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि नगर की अटूट आस्था और एकता का प्रतीक है। माँ के आशीर्वाद से यह आयोजन हर वर्ष और भव्य होता जा रहा है। समिति ने बताया कि अगले वर्ष जब 25 वर्ष पूरे होंगे तो रजत जयंती समारोह को और भी अधिक भव्यता, दिव्यता और विशाल पैमाने पर मनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत नशामुक्ति जागरूकता रथ रवाना



डिंडौरी। जिले में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने और नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट परिसर से नशामुक्ति जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह अभियान मद्य निषेध संकल्प के तहत संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान की थीम 'नशे से रहें दूर, जीवन जिएं भरपूर' के जरिए आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त जीवन जीने का संदेश दिया जा रहा है।जनजागरूकता रथ जिले में विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करेगा। साथ ही समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा।इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांशु चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे, वनमंडलाधिकारी श्री अशोक कुमार सोलंकी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह पहल नशे के विरुद्ध जनभागीदारी बढ़ाने और जिले में स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत अमरपुर में वृहद वृक्षारोपण, पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

अमरपुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' पहल के तहत विकासखंड अमरपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न गांवों में विविध प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। साथ ही पौधों के संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम से जुड़े मेंटर्स और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।इसी क्रम में ग्राम मोहनझिर में पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

चौबीसा में जन विश्वास शिविर आयोजित, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर आवेदनों के निराकरण के दिए निर्देश





डिंडौरी। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को विकासखंड मेहंदवानी की ग्राम पंचायत चौबीसा में जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों से अवगत कराया। प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों में नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है। शिविरों में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनके आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हैं।उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य 'सरकार आपके द्वार' की अवधारणा को साकार करना है, ताकि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान करना और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लें और पात्रतानुसार आवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई की जाए तथा हितग्राहियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।जनविश्वास शिविर में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए। अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को प्रोत्साहित करने और उनके आर्थिक सशक्तीकरण के महत्व पर जोर दिया गया।शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने ग्रामीणों को पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और योजनाओं के लाभों से अवगत कराया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिन पर संबंधित विभागों ने कार्रवाई की।

स्वामित्व योजना के तहत तीन हितग्राहियों को मिला लाभ

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वामित्व योजना के माध्यम से अब तक जिले में पांच हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। इनमें 17 सितंबर 2026 को आयोजित कार्यक्रम में दो हितग्राही तथा 9 अक्टूबर को ग्राम पंचायत चौबीसा में आयोजित शिविर में तीन हितग्राही शामिल हैं।चौबीसा शिविर में माया बाई पति धन्नू, निवासी समनापुर, राधा बाई पति श्रवण तथा पुष्पा बाई पति कृष्ण कुमार, दोनों निवासी ग्राम खिरसारी, को योजना का लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारियों के माध्यम से स्वामित्व योजना, ई-केवाईसी और फार्मर आईडी से संबंधित कार्य भी किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य शिविर में 419 से अधिक लोगों की जांच

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। विभागीय जानकारी के अनुसार, शिविर में 419 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें 30 वर्ष से अधिक आयु के 160 पुरुष और 130 महिलाएं शामिल रहीं।शिविर में 290 लोगों का रक्तचाप और 290 लोगों की ब्लड शुगर जांच की गई। इसके अलावा 85 लोगों की एनीमिया जांच, 10 लोगों की सिकल सेल जांच तथा 176 लोगों की विभिन्न प्रकार की रक्त जांच की गई। गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच भी की गई, जिसमें प्रथम तिमाही में तीन, द्वितीय तिमाही में पांच, तृतीय तिमाही में तीन तथा एक अन्य जांच श्रेणी में दो जांचें दर्ज की गईं।

स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत 174 लोगों की खून की जांच तथा 174 लोगों की एक्स-रे जांच दर्ज की गई। वहीं, 98 लोगों की आंखों की जांच कर 77 लोगों को चश्मे वितरित किए गए। शिविर में चिन्हित छह रोगियों को उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं।मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और जनकल्याणकारी सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। जिला प्रशासन का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, जनसमस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

राई कन्या आश्रम में कलेक्टर की पहल, 50 छात्राओं को मिले जूते-मोजे



डिंडौरी। जिले में विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत राई स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या आश्रम में 'Soles for Souls' पहल के तहत लगभग 50 छात्राओं को जूते-मोजे वितरित किए।इस पहल का उद्देश्य छात्राओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और भविष्य मंल आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कलेक्टर ने छात्राओं को जूते-मोजे पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनकी जरूरतों और समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने छात्राओं से पढ़ाई, उनकी रुचियों और भविष्य की योजनाओं को लेकर बातचीत की। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे अपनी आवश्यकताओं और मन की बात खुलकर साझा करें, ताकि उनकी समस्याओं को समझकर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा सके।कलेक्टर ने छात्राओं से पढ़ाई पूरी करने के बाद कैरियर के विकल्पों और उनकी पसंद के क्षेत्रों के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करने और उसे हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करने की सलाह दी।कलेक्टर ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा को बेहतर भविष्य की आधारशिला बताते हुए छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाया और उन्हें अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखने का संदेश दिया।'Soles for Souls' पहल के माध्यम से छात्राओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ उनके साथ संवाद स्थापित करने की यह पहल शिक्षा, प्रोत्साहन और बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित



डिंडौरी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय डिंडौरी में शुक्रवार को 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना, आत्मनिर्भरता के महत्व को समझाना तथा उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने देश के आर्थिक एवं तकनीकी विकास, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, कौशल विकास, नवाचार, उद्यमिता और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए।विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्यों में कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। शिक्षा, तकनीकी ज्ञान, नए विचारों और कौशल के माध्यम से युवा न केवल अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति और विकास में भी अहम योगदान दे सकते हैं।

विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 2100 रुपये, 1100 रुपये और 500 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा और प्रयासों को सराहा गया।इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को सार्वजनिक मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत करने, तार्किक दृष्टिकोण विकसित करने और समसामयिक विषयों की समझ बढ़ाने का अवसर मिला। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और राष्ट्रीय एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं।कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही। आयोजन के अंत में स्वल्पाहार एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य से जोड़ने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

अपर कलेक्टर ने मतदान केंद्रों और पंजीयन कार्यों का किया निरीक्षण



डिंडौरी। जिले में मतदाता सूची के अद्यतन, धान पंजीयन और स्वामित्व योजना के कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. यादव ने शुक्रवार को विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 71, 72 एवं 73 का अवलोकन कर मतदाता सूची में पात्र एवं नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया की समीक्षा की। साथ ही ग्राम मडियारास में पंजीयन कार्यों की स्थिति जानने के बाद सीनियर आदिवासी छात्रावास का निरीक्षण भी किया।मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर यादव ने संबंधित अधिकारियों से मतदाता सूची में नए एवं पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने शेष पात्र मतदाताओं के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूरे किए जाएं।उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारी आवश्यक कार्रवाई करें और मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने पर विशेष ध्यान दें।

धान और स्वामित्व योजना के पंजीयन की समीक्षा

ग्राम मडियारास में अपर कलेक्टर ने धान पंजीयन एवं स्वामित्व योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पात्र किसानों एवं हितग्राहियों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण पर जोर दिया।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पात्र किसानों एवं हितग्राहियों का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। पंजीयन प्रक्रिया के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा लंबित मामलों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने ग्राम मडियारास स्थित सीनियर आदिवासी छात्रावास का भी जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध आवासीय सुविधाओं, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।उन्होंने छात्रावास परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया।अपर कलेक्टर जे.पी. यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची अद्यतन करने, धान एवं स्वामित्व योजना के पंजीयन तथा छात्रावास की व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

मरवारी पंचायत में सीसी सड़क और मजदूरी भुगतान पर उठे सवाल, सरपंच पर कार्रवाई का प्रस्ताव

शहपुरा। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मरवारी में सीसी सड़क निर्माण और मजदूरी भुगतान से संबंधित शिकायत के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की दिशा में कदम बढ़ाया है। शिकायत की जांच और स्थल निरीक्षण के बाद ग्राम पंचायत के सरपंच के विरुद्ध मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव जिला पंचायत डिंडौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजा गया है। अब मामले में जिला स्तर पर होने वाले निर्णय पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत मरवारी में सीसी सड़क निर्माण कार्य की राशि



और मजदूरी भुगतान को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने निर्माण कार्य से संबंधित भुगतान और मजदूरी की स्थिति पर सवाल उठाए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा मजदूरी भुगतान से जुड़े बिंदुओं का परीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद भेजा गया प्रस्ताव

मामले में निरीक्षण और जांच की प्रक्रिया के बाद ग्राम पंचायत मरवारी के सरपंच के विरुद्ध धारा 40 के तहत कार्रवाई के लिए प्रस्ताव तैयार कर जिला पंचायत डिंडौरी के सीईओ को भेजा गया। कार्यालयीन पत्र क्रमांक जपं/स्था/2026/961, दिनांक 21 अगस्त 2026 के माध्यम से यह प्रस्ताव प्रेषित किए जाने की जानकारी सामने आई है।मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 40 के अंतर्गत निर्धारित परिस्थितियों में पंचायत पदाधिकारी को पद से पृथक करने की कार्रवाई का प्रावधान है। हालांकि, केवल प्रस्ताव भेजे जाने से कार्रवाई अंतिम नहीं मानी जाती। मामले में संबंधित अभिलेखों, जांच निष्कर्षों और नियमानुसार प्रक्रिया के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाना शेष है।ग्राम पंचायत मरवारी से जुड़े इस मामले में अब जिला पंचायत स्तर पर होने वाली कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सीसी सड़क निर्माण की वास्तविक स्थिति, कार्य से संबंधित दस्तावेजों और मजदूरी भुगतान के अभिलेखों का परीक्षण आगे की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभा सकता है।फिलहाल, सरपंच के विरुद्ध धारा 40 के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव जिला पंचायत सीईओ को भेजे जाने की जानकारी है।

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण शुरू



अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एक माह के सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशल से जोड़ना तथा उन्हें स्वरोजगार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है।महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के कार्यक्रम प्रभारी आशीष कुमार मरावी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को सिलाई-कढ़ाई से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी उपयोगी हुनर सीखकर भविष्य में स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर डॉ. सीमा डावर ने कहा कि वर्तमान समय में पारंपरिक शिक्षा के साथ कौशल विकास भी बेहद आवश्यक है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक दक्षता प्रदान करने के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण युवाओं को अपने हुनर के बल पर आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार की संभावनाओं को तलाशने में मददगार साबित होते हैं।कार्यक्रम प्रभारी आशीष कुमार मरावी ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल का उपयोग कर विद्यार्थी अपने कैरियर को नई दिशा दे सकते हैं तथा स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।महाविद्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को विद्यार्थियों के कौशल विकास, कैरियर निर्माण और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक हुनर सीखने और भविष्य में रोजगार के वैकल्पिक अवसर तलाशने में सहायता मिलेगी।इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य राम कुमार टेकाम, आशीष कुमार मरावी, डॉ. सुनील काकोड़िया, प्रदीप कुमार कहार, डॉ. निधि सिंह, डॉ. निगहत खान तथा कर्मचारीगण ऋचा जंघेला, सुमनला मरावी, कांति धुर्वे, आरती मरावी, सूरजवती एवं खुशी व्याम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि
नर्मदा भूमि
करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

जबलपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026
login : www.haribhoomi.com

भ्रष्टाचार या राशि निकालने के लिए तिकड़म

सिस्टम का सितम या कर्मचारियों की लापरवाही, ग्राम पंचायतों के ऑडिट का मामला



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सरकार द्वारा लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर राशि आवंटित की जा रही है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए आमादा रहते है। ऐसा ही मामला जिले की जनपद पंचायत करेली से सामने आया जिसमें ऑडिट में पकड़ी गई गलती व पत्राचार के बाद चचाओं के बाजार गर्म हो गए। बताया जा रहा है कि प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की मिलभगत के कारण भ्रष्टाचार का सिंडीकेट बनाकर राशि आहरित की गई थी। उक्त कारनामे का खुलासा तब हुआ जब ऑडिट के दौरान बात पकड़ी गई। फिलहाल उक्त मामले को लेकर चर्चाएं जारी है अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती है।

ऑडिट सेटलमेंट की चर्चाओं का बाजार गर्म

जिले की करेली जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में हाल ही में हुए ऑडिट को लेकर प्रशासनिक और राजनैतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों के मुताबिक, ग्वालियर स्थित कार्यालय से जारी एक आधिकारिक पत्र के बाद शुरू हुई इस लेखा परीक्षा (ऑडिट) प्रक्रिया ने अब संदिग्ध रूप पकड़ लिया है। ग्वालियर से आए पत्र के अनुसार, करेली जनपद के अंतर्गत संचालन केंद्र की विभिन्न महत्वपूर्ण शाखाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, संबल योजना, स्थापना, विकास एवं लेखा शाखा सहित समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को सूचित किया गया था। इस निर्देश में लेखा परीक्षक दल द्वारा केवल 3 ग्राम पंचायत इकाइयों की ही लेखा परीक्षा संपादित किए जाने का उल्लेख है।

पंचायतों के ऑडिट पर उठे सवाल

आडिट मामले में रोचक मोड़ तब आया ऑडिट दल ने निर्धारित 3 पंचायतों के दायरे से बाहर जाकर करेली जनपद की कई अन्य ग्राम पंचायतों में भी ऑडिट की प्रक्रिया पूरी की है। अनुमति पत्र में दर्ज संख्या से अधिक पंचायतों का ऑडिट किए जाने को लेकर अब कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंचायतों में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार का अंदेशा भी बढ़ रहा है। फिलहाल मामला ऑडिट में आकर फसा हुआ है और बात अवैध रूप से लेनदेन की बात भी चर्चा में है। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा उक्त मामले मे क्या कार्रवाई की जावेगी। महत्वपूर्ण यह है कि पंचायतों में भ्रष्टाचार जानबूझकर किया गया फिर उच्च अधिकारियों की मिली भगत के चलते तिकड़म बना कर राशि आहरित की गई।

आपत्तियों पर लेन-देन के दावों की चर्चा

फिलहाल इस बात की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है कि जांच के दौरान पंचायतों में वित्तीय गड़बड़ियों या विकास कार्यों को लेकर किन-किन विषयों पर आपत्ति दर्ज की गई हैं। हालांकि क्षेत्र में दबी जुबान यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि आपत्तियों को दबाने और मामले को रफा-दफा करने के लिए कथित तौर पर लेन-देन का खेल चला है। ऑडिट दल के इस अप्रत्याशित रुख और क्षेत्र में फैल रही सेटलमेंट की खबरों ने पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर आम जनता के बीच कई संदेह पैदा कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इस पर संज्ञान लेते हैं या चर्चाओं का यह दौर यूं ही जारी रहेगा।

तेज आवाज वाले साइलेंसरों पर चलाया बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने तथा आम नागरिकों को तेज एवं कर्कश आवाज से होने वाली परेशानी से राहत दिलाने के उद्देश्य से प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा जप्त किए गए तेज आवाज उत्पन्न करने वाले 75 साइलेंसरों को बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा इस प्रकार के मामलों में कार्यवाही करते हुए जप्त किए गए साइलेंसरों का नष्टीकरण किया गया। इस कार्यवाही के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले उपकरणों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



प्रेस फोटोग्राफर संजय राय हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के दौरान अतिथियों द्वारा प्रेस फोटोग्राफर संजय राय को सम्मानित किया गया। श्री राय के शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

पेयजल स्टैंड के पास गंदगी, संक्रमण का खतरा



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला अस्पताल परिसर में वाटर कूलर और पेयजल नल स्टैंड के पास गंदगी तथा जलभराव से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी जमा हो रहा है। इससे कीचड़ और दुर्गंध की स्थिति बनी हुई है। दीवारों पर कैमरे की निगरानी और गंदगी फैलाने पर अर्थदंड संबंधी चेतावनी लिखी होने के बावजूद पेयजल स्थल के आसपास बची हुई खाद्य सामग्री और अन्य कचरा फेंका जा रहा है। नाली और जल निकासी पाइपलाइन में कचरा फंसने से गंदा पानी रास्ते पर फैल रहा है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन पहुंचते हैं। ऐसे में पेयजल स्थल के आसपास गंदगी, पान-गुटखे की पीक और जमा पानी से संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

जिला स्तरीय विज्ञान नाटिका में उत्कृष्ट विद्यालय ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा वैज्ञानिक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विज्ञान नाटिका 2026 प्रतियोगिता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित की गई। विज्ञान और समाज जिसके अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता इलेक्ट्रिक व्हीकल, अंतर तारकीय आवास एवं महासागरों की बहाली जैसे समसामयिक विषयों पर छात्र-छात्राओं ने प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में नरसिंहपुर जिले के 4 विकासखण्डों के स्कूलों द्वारा प्रतिभागिता की गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान शासकीय कन्या उ.मा.वि. गाडरवारा की टीम ने एवं तृतीय स्थान शास. पी.एम.श्री उ.मा.वि. खमरिया झॉसीघाट गोटेगॉव ने प्राप्त किया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को निर्णायकों द्वारा स्मृति-चिह्न प्रदान कर शुभकामनाएं दी गईं।

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ, जिला इकाई ने किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 9 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में फसल मुआवजा, बीमा, गन्ने का मूल्य, सिंचाई, पेयजल, खाद और बिजली व्यवस्था से जुड़ी सात मांगें रखी गईं। संघ ने मांगों का निराकरण नहीं होने पर संयुक्त किसान मोर्चा के साथ प्रदेशस्तरीय आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ ने कहा कि गांवों के गरीब किसानों और मजदूरों की समस्याओं को लेकर पिछले कई वर्षों से ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन और रैलियों के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है, लेकिन कई समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। ज्ञापन में खरीफ 2026 में अतिवृष्टि, सूखा आदि से उड़द, मूंग और सोयाबीन की फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने तथा पात्र किसानों की फसल बीमा संबंधी समस्याओं का निराकरण कर बीमा क्लेम दिलाने की मांग की गई। संघ ने बढ़ती उत्पादन लागत और शक्कर की कीमतों को देखते हुए गन्ने का खरीदी मूल्य कम से कम 700 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने और प्रदेश सरकार द्वारा घोषित 50 रुपये का बोनस दिलाने की मांग भी रखी। सिंचाई के लिए चिनकी-बोरास बैराज परियोजना से छूटे लगभग 40 गांवों को जोड़ने तथा विंध्याचल पर्वत श्रृंखला के आसपास के 35 से 40 गांवों में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की गई। इसके अलावा तेंदूखेड़ा तहसील में डबल लॉक खाद गोदाम तत्काल शुरू कर किसानों को खाद उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बिजली व्यवस्था को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अटल ज्योति लाइन से 24 घंटे और कृषि कार्यों के लिए एजी लाइन से 12 घंटे बिजली देने, बिजली बिलों में सुधार करने तथा टूटे केबल और तारों की मरम्मत कराने की मांग की गई। संघ ने शासन-प्रशासन से सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की। मांगों का निराकरण नहीं होने पर संयुक्त किसान मोर्चा के साथ प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने की बात कही गई है।

पटवारियों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस पटवारी संघ द्वारा मध्य प्रदेश पटवारी प्रांतीय संघ के आह्वान के परिप्रेक्ष्य में स्वामित्व योजना अंतर्गत रजिस्ट्री संबंधी कार्य हेतु अनावश्यक दबाव बनाए जाने एवं कार्यालयीन समय के अतिरिक्त कार्य करने हेतु बाध्य किए जाने के विरोध मे कलम बंद हड़ताल को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

जनता की आवाज ही लोकतंत्र की असली ताकत



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस कांग्रेसजनों द्वारा पुराने रामलीला परिसर तेंदूखेड़ा में लोकतंत्र संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब तानाशाही नहीं चलने देंगे और ना ही शांत नहीं बैठेंगे। केंद्र और प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की जन विरोधी किसान विरोधी युवा विरोधी कारगुजारियों को जनता के बीच ले जायेगी। लोकतंत्र बचाने के खातिर कांग्रेस अब गांव गांव जाकर शंखनाद करेगी। जनता की आवाज ही लोकतंत्र की असली ताकत है।तथा दिल्ली में विपक्षी नेताओं एवं कांग्रेस सांसदों पर हुई पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई सहित विभिन्न विंदुओं पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी। जिसमें दीवान शैलेन्द्र सिंह मनीष राय ओमप्रकाश पटैल सूर्यकांत लोधी राजेंद्र कौरव कमल जैन डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह संतोष पटेल शोबरन सिंह ठाकुर ज्ञानेश्वर पटेल राधेश शर्मा अशोक राय महेंद्र तिजोड़ी वाले राजेश राय वीरेंद्र मोदी राजकुमार तिवारी श्रीकांत गुप्ता यशवंत आचार्य गोविंद शर्मा सुजान पटेल चौधरी पंकज सिंह राजेंद्र पटेल पीताम्बर लखेरा डॉ राजेश साहू गोविंद पाली गुलाब कुशवाहा निशांत पटेल भजन लोधी राहुल अहिंसा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

पितृ मोक्ष अमावस्या आज पितर आज लौटेंगे अपने धाम

तेंदूखेड़ा। आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या अथवा पितृ विसर्जन अमावस्या कहा जाता है। अज्ञात तिथि वाले लोगों का श्राद्ध इसी अमावस्या में करना चाहिए। अथवा किसी कारण वश बीच में कोई श्राद्ध तर्पण आदि क्रिया न कर पाये हों तो इस अमावस्या को विधिपूर्वक श्राद्ध तर्पण अवश्य करना चाहिए।

पितरों के निमित्त जो कार्य श्रद्धा विश्वास और पूरे विधि विधान से किया जाए वह श्राद्ध कहलाता है।हिंदू मान्यता के अनुसार मनुष्य पर देव ऋण ऋषि ऋण और पितृ ऋण होता है। श्राद्ध कर्म करने से पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है।आज पितृ मोक्ष अमावस्या है।पितर आज अपने धाम वापस लौटेंगे। संसार में श्राद्ध से बढ़कर कोई दूसरा कल्याण प्रद मार्ग नहीं है। बुद्धिमान मनुष्य को प्रयत्नपूर्वक श्राद्ध करना चाहिए। श्राद्ध की आवश्यकता और लाभ पर अनेक ऋषि महर्षियों के वचन ग्रंथों में मिलते हैं पितृ पूजन से संतुष्ट होकर पितर मनुष्यों के लिए दीर्घायु पुत्र यश स्वर्ग कीर्ति पुष्टि बल वैभव पशु सुख समृद्धि धन और धान्य देते हैं।उक्ताशय के उद्गार हमारे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने व्यक्त किए। विष्णु पुराण के अनुसार श्रद्धायुक्त होकर श्राद्ध कर्म करने से पितृगण ही तृप्त नहीं होते अपितु ब्रह्मा इंद्र रुद्र दोनों अश्विनी कुमार सूर्य अग्नि अष्टवसु वायु विश्वेदेव ऋषि मनुष्य पशु-पक्षी और सरीसृप आदि समस्त भूत प्राणी भी तृप्त होते हैं।श्राद्ध करने वाला मनुष्य विविध शुभ लोकों को प्राप्त करता है। परलोक में संतोष प्राप्त करता है।

इसलिए पुत्र को चाहिए कि भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से प्रारंभ कर आश्विन कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक सोलह दिन पितरों का तर्पण और श्राद्धकर्म द्वारा आध्यात्मिक आधिदैविक एवं आधिभौतिक उन्नति को प्राप्त कर सकते हैं।

जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में गाडरवारा विजेता रहा



तेंदूखेड़ा

विगत दिवस शासकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय कालेज गाडरवारा एवं तेंदूखेड़ा कालेज के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दोनों महाविद्यालयों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें महाराणा प्रताप शासकीय महाविद्यालय गाडरवारा विजेता रहा जबकि शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा उपविजेता रहा।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना एवं अनुशासन का परिचय दिया। वहीं महिला वर्ग में आगामी प्रतियोगिताओं हेतु सलेक्शन ट्रायल आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में दोनों महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एवं प्राध्यापक कर्मचारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।



उमाशंकर अग्रवाल का अंतिम संस्कार संपन्न

गोटेगांव नरसिंहपुर। समाजसेवा और गरीबों की मदद के लिए रहेंगे यादश्रीनगर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी श्री उमाशंकर अग्रवाल (उम्मू सेठ जी) का अंतिम संस्कार शुक्रवार को श्रीनगर मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। इस दौरान उनके जीवन, समाजसेवा और जनहित में किए गए कार्यों को याद किया गया।उमाशंकर अग्रवाल की पहचान ऐसे व्यक्तित्व के रूप में रही, जिन्हें समाज, नगर और जरूरतमंद लोगों की मदद करना अपनी जिम्मेदारी लगता था। गरीबों की सहायता करना उनकी आदत में शामिल था। उन्होंने अपने सेवाभाव और सहयोग की भावना से लोगों के बीच विशेष स्थान बनाया।श्रीनगर शासकीय हाई स्कूल की शुरुआत के समय वे अध्यक्ष बने थे। शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों में उनका योगदान लोगों के लिए स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से नगर ने एक ऐसे सेवाभावी व्यक्तित्व को खो दिया, जो सदैव दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे।

श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान, जनभागीदारी से दिया स्वच्छता का संदेश

गोटेगांव (श्रीधाम)। रेलवे द्वारा संचालित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत श्रीधाम रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के साथ-साथ आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी जिला कार्य समिति सदस्य स्नेहलता श्रीवास्तव पार्षद प्रताप सिंह ठाकुर रेलवे स्टेशन मास्टर जे पी सोनी, स्टेशन मास्टर विनोद शर्मा प्रतीक तिवारी संध्या चंचल खीर सागर काजल पटेल पूनम ठाकुर एवं नगर पालिका के सफाई कर्मियों सूरज भाई दीपचंद भाई सरिता बाई अनीता बाई नोनी बाई शीलू बाई ने सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। सभी ने मिलकर स्टेशन परिसर की साफ-सफाई करते हुए यात्रियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।रेलवे स्टेशन सार्वजनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। ऐसे में स्टेशन परिसर की स्वच्छता बनाए रखना रेलवे प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के साथ ही स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होता है।मंडल अध्यक्ष श्रीमती अंजनी सोनी जी ने संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है। यदि सभी नागरिक अपने आसपास साफ-सफाई रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लें, तो स्वच्छ भारत के लक्ष्य को और अधिक मजबूती मिल सकती है।स्वच्छता पखवाड़ा जैसे आयोजनों की सार्थकता तभी है, जब इनके माध्यम से विकसित हुई जागरूकता दैनिक जीवन का हिस्सा बने। श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर आयोजित यह अभियान स्वच्छता, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल रहा।

